# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

बेहतर भारत के निर्माण की ओर

## राष्ट्रीय मुख्यालय

पताः लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002

वेबसाइटः www.bsgindia.org इमेल आईडीः info@bsgindia.org दूरभाषः+91-11-23370126, 23378667

**परिपत्र संख्या : 53/2022**

***दिनाँक : 22 मार्च, 2022***

प्रति,

समस्त राज्य सचिव

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ

**भारतीय संघ**

**विषयः– राष्ट्रीय युवा साहसिक कार्यक्रम, राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, भोपालपानी, देहरादून, उत्तराखंड।**

महोदय/महोदया,

**भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय की ओर से शुभकामनाएं!**

हमें आपको यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय, राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, भोपालपानी, देहरादून, उत्तराखंड में राष्ट्रीय युवा साहसिक कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। राज्य प्र"ाक्षण केन्द्र, भोपालपानी, देहरादून, उत्तराखण्ड भोपालपानी में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा साहसिक कार्यक्रम निम्नवत हैः–

| क्रमांक | कार्यक्रम का नाम | से | तक | शिविर शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 01 | NYAP | 15-05-2022 | 19-05-2022 | 3000.00 |
| 02 | NYAP | 10-06-2022 | 14-06-2022 | |

**आगमनः प्रथम दिन पूर्वाहन प्रस्थानः अंतिम दिन भोजनोपरान्त।**

सीटों की बुकिंग के लिएः पंजीकरण के रूप में स्काउट गाइड भविष्य निधि रूपये 500/– प्रति व्यक्ति का अग्रिम भुगतान किया जाना है जो गैर–वापसी योग्य है, लेकिन उसी वित्तीय वर्ष के भीतर अन्य कार्यक्रम में समायोजित किया जा सकता है (कोविड–19 जैसी स्थिति के मामले में इसे अगले वित्तीय वर्ष में समायोजित किया जाएगा)। पंजीकरण शुल्क प्राप्त होने के बाद बुकिंग की पुष्टि की सूचना दी जाएगी। बैंक के माध्यम से सीधे जमा के लिए, बैंक शुल्क उम्मीदवारों/संस्थान द्वार वहन किया जाएगा। कैशलेस को प्रेरित करने के लिए, प्रतिभागी निम्नलिखित विवरणों का उपयोग करके ऑनलाइन लेनदेन/आईएमपीएस/आरटीजीएस/एनईएफटी/अन्य कर सकते हैं:–

बैंक खाते का विवरण नीचे दिया गया है:

| क्र. | विवरण | | क्र. | विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बैंक का नाम | स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया | 02 | शाखा का नाम | डीडीए बिल्डिंग, विकास मीनार, नई दिल्ली |
| 03 | खाता का नाम | निदेशक भारत स्काउट एवं गाइड | 04 | खाता संख्या | 39696950961 |
| 05 | आईएफएससी कोड | SBIN0004730 | 06 | मोबाइल नं. | 9718238580 |

आवेदन, चिकित्सा एवं जोखिम प्रमाण पत्र पंजीकरण के समय प्रस्तुत किया जाना चाहिए। आवेदन, चिकित्सा एवं जोखिम प्रमाण पत्र के बिना प्रतिभागियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। कुल शुल्क में कार्यक्रम के सभी खर्च जैसे भोजन, आवास, प्रशिक्षण उपकरण, उपहार आइटम एवं अन्य विविध व्यय सम्मिलित होगें। आवास केवल तंबू में होगा (दरी, गद्दे की आपूर्ति की जाएगी)। **कार्यक्रम के सफल समापन पर प्रत्येक प्रतिभागी को राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभागिता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।**

बुकिंग ''पहले आएं पहले पाएं'' के आधार पर की जाएगी। स्काउट गाइड वेलफेयर फंड पंजीकरण शुल्क रूपये 500/– प्रति व्यक्ति के रूप में प्राप्त होने पर चयन पत्र प्रेषित किया जाएगा। प्रतिभागियों की संख्या (पुरूष एवं महिला) के साथ राशि रूपये 2500/– प्रति व्यक्ति नकद/बैंक हस्तांतरण के माध्यम शिविर स्थल पर पंजीकरण के समय देय है। 1 से 15 लड़को/लड़कियों के समूह के साथ एक एस्कॉर्ट को प्रतिनियुक्त किया जाना चाहिए। महिला प्रतिभागियों के साथ लेडी एस्कॉर्ट की प्रतिनियुक्ति अव"य होनी चाहिए। एस्कॉर्ट को भी पंजीकरण करना चाहिए एवं आवेदन, चिकित्सा प्रमाण पत्र के साथ पूर्ण शुल्क का भुगतान करना चाहिए। **बिना रजिस्ट्रेशन एवं मेडिकल सर्टिफिकेट के किसी को भी कैंप में रहने की अनुमति नहीं है। एस्कॉर्ट शिक्षक के लिए कोई आयु सीमा नहीं है लेकिन वह शारीरिक और चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ होना चहिए। 60 वर्ष से कम आयु वालों को वरीयता प्रदान की जाए।**

**कौन भाग ले सकता है:** यह भारत स्काउट एवं गाइड्स के सभी सदस्यों, सभी शैक्षिक संस्थानों, साहसिक क्लबों और अन्य युवा संगठनों के लिए खुला है, जो 12 से 45 वर्ष की आयु के लिए साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और भाग लेने में रूचि रखते हैं, जो चिकित्सीय एवं शारीरिक रूप से फिट और मनोरंजन के तनाव को सहन कर सकते हैं। कोई भी व्यक्ति पहचान प्रमाण पत्र के साथ भाग ले सकता है।

**कार्यक्रमः** अभियान, ट्रेकिंग, मसूरी, कैमटिफॉल, ऋषिके"ा एवं हरिद्वार के स्थानीय द"र्निय स्थल, तीरंदाजी, सूटिंग और फन–बेस आदि संभावित कार्यक्रम हो सकते हैं। प्रतिदिन रात्रि में कैम्प फायर कार्यक्रम का एक अन्य आकर्षण है।

**कैसे पहुँचा जाएः राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, भोपालपानी, देहरादून, उत्तराखंड**

- भोपालपानी कैम्पिंग सेंटर आईएसबीटी देहरादून से लगभग 29 कि.मी. एवं देहरादून रेलवे स्टेशन से 22 कि.मी. दूर है। आईएसबीटी एवं रेलवे स्टेशन से परेड ग्राउंड/तिब्बती मार्केट शेयर टेंपो/ऑटो और सिटी बस सेवाएं उपलब्ध हैं। परेड ग्राउंड/तिब्बती मार्केट से कैम्पिंग सेंटर, भोपालपानी के लिए सिटी बस सेवाएं उपलब्ध हैं।

**प्रतिभागी निम्नलिखित सामग्री अपने साथ लाएंगे।**

1 01 स्टाम्प आकार का रंगीन फोटोग्राफ (हाल ही का)।
2 पानी की बोतल, टार्च आदि।
3 नोट बुक, पेन, फर्स्ट एड किट, कोल्ड क्रीम एवं ओडोमास आदि।
4 हंटर/स्पोर्ट शू, मोजे एवं चप्पल अतिरिक्त जोडे।
5 प्लेट, ग्लास, चम्मच, पूरी बाजू की टी शर्ट, जींस और ट्रैक सूट सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए अतिरिक्त पहनने के कपड़े और वेशभूषा। एपीआरओ भाग–2 और भाग 3 के अनुसार सही एवं पूर्ण वर्दी का एक सेट। (केवल स्काउट और गाइड के लिए)। तापमान गर्म रहेगा। मच्छरदानी के साथ हल्के बिस्तर की सिफारिश की जाती है।
6 व्यक्ति की आवश्यकता के अनुसार अन्य वस्तुएं।
7 **प्रत्येक प्रतिभागी को व्यक्तिगत उपयोग के लिए पर्याप्त मास्क, हैंड–सैनिटाइज़र, हाथ–दस्ताने एवं साबुन ले जाना होगा।**

**सुरक्षाः** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स प्रतिभागियों का पूरा ख्याल रखता है लेकिन भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय कार्यक्रम के दौरान या बाद में किसी भी दुर्घटना, बीमारी या चोट के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। एस्कॉर्टिंग शिक्षकों को शिविर से पहले, शिविर के दौरान एवं शिविर के बाद अपने छात्रों के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए।

**ध्यान दें:**

1 पुष्टि पत्र के बिना प्रतिभागियों को शिविर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

2 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागियों को कोविड का टीका लगा होना चाहिए और उन्हें पंजीकरण के दौरान सरकार द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। 18 वर्ष से कम आयु के प्रतिभागियों को कार्यक्रम के लिए प्रस्थान से 72 घंटे पहले ली गई आरटी–पीसीआर नकारात्मक परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। यह अनिवार्य है। बिना टीकाकरण प्रमाण पत्र या आरटी–पीसीआर जांच रिपोर्ट के प्रतिभागियों को शिविर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

**सम्पर्क:**

अधिक जानकारी के लिएः वेबसाइट **www.bsgindia.org** ईमेल **adventurecell@bsgindia.org** पर जाएं। किसी भी जानकारी के लिए कृपया श्री सिद्धार्थ मोहंती, परियोजना अधिकारी, राष्ट्रीय मुख्यालय मोबाइल नं.8224062540, श्रीमती बिलकिश शेख, कनिष्ठ प्रशिक्षक, मोबाइल नं. 9424415609, श्री विवेक कुमार दास, कनिष्ठ प्रशिक्षक, मोबाइल नं. 9479877492 एवं एडवेंचर सेल मोबाइल नं. 9311965208से निःसंकोच सम्पर्क कर सकते हैं।

आपसे अनुरोध है कि युवाओं की शारीरिक, बौद्धिक एवं सामाजिक क्षमता के विकास के लिए कार्यक्रम के लाभ का उपयोग करें।

सधन्यवाद,

भवदीय,

**(अमर बी. क्षेत्री)**
**संयुक्त निदेशक स्काउट**
**(कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण)**DS

**संलग्नकः आवेदन पत्र, चिकित्सा एवं जोखिम प्रमाण पत्र**

**प्रतिलिपि** :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेलवे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, **18** इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–**110016।**
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–**15**, सेक्टर–**62**, नोएडा, उत्तर प्रदेश–**201309।**
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब जिला संघ।
6. समस्त सहायक निदेशक, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, क्षेत्रीय मुख्यालयों को अनुसरण एवं व्यापक प्रचार हेतु।